52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 14.8°c अधिकतम 18.9°c

**अमृतवाणी**
हैसियत देखकर रिश्ता बनाने वाले, जरूरत पड़ने पर दो कदम पीछे रहते हैं।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सरकार की गलत नीतियों से अर्थव्यवस्था के विकास का हर घटक कमजोर हुआ है : जयराम रमेश



सूर्योदय : 7:15 सूर्यास्त-5:37 | वर्ष : 52/ अंक : 09 बृहस्पतिवार, 09 जनवरी 2025 पौष, शुक्ल पक्ष, दशमी सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

सरकार आपकी बात को सीरियसली क्यों नहीं लेती?......

# नोएडा गए परिवार के घर से बीस लाख की नकदी व 6 तोले सोने पर हाथ साफ

**मुजफ्फरनगर, 8 जनवरी (बु.)।** सिखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव सिखेड़ा में उस समय हड़कम्प मच गया जब एक परिवार के लोग अपने बेटे के पास उससे मिलने के लिए गए थे। मंगलवार को जब वह वापस आए तो उनके घर की हालत देखकर रौंगटे खड़े हो गए जब उनके घर का सारा सामान बिखरा हुआ था।

सिखरेड़ा निवासी बाबर अली व उनकी पत्नी रूबी अपने बेटे मसद अली से मिलने के लिए नोएडा गए हुए थे। मंगलवार को रात जब वे वापस लौटे तो घर का सारा सामान अस्त व्यस्त मिला। उन्होंने जब घर का सामान बिखरा हुआ देखा तो भौंचक्के रह गए और पूरे घर में रखे अपने सामान की जांच की तो वहां से 20 लाख रुपये की नकदी, 6 तोले सोना, जिसकी कीमत लगभग 4.80 लाख रुपये होती है। चांदी के सिक्के व अन्य सामान गायब मिला। पीड़ित ने इसकी शिकायत पुलिस से की तो बुधवार सुबह फोरेंसिक टीम के साथ एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत मौके पर जांच के लिए सिखरेड़ा पहुंचे। पुलिस को जानकारी देते हुए मसद अली ने बताया कि वह नोएडा की एक मल्टीनेशनल कम्पनी में इंजीनियर के रूप में कार्यरत है। हाल ही में उन्होंने एक प्लॉट की साई ली थी, जिसको उन्होंने घर में ही रखा हुआ था। उक्त पैसे उसके माता-पिता घर में छोड़कर नोएडा उससे मिलने के लिए आए थे। फोरेंसिक टीम ने जब जांच की तो घर में पाया कि पूरी फुर्सत में चोरी की घटना को चोरों द्वारा अंजाम दिया गया है। कपड़ों से लेकर जूतों के डिब्बे तक भी चोरों ने खंगालने से नहीं छोड़े। जहां से जो भी मिला वे समेटते चले गए। चोरों ने गोदरेज की अलमारी का लॉक तक भी तोड़ रखा था। पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है। अब देखना यह होगा कि इस मामले में पीड़ितों को न्याय मिल पाता है अथवा नहीं। पुलिस ने पीड़ितों को न्याय का भरोसा दिलाया है और उनके करीबियों पर ही पुलिस की निगाहें हैं।


चोरों द्वारा तोड़ा गया अलमारी का लॉक



मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम


जींस पर छपे चोरों के जूते के निशान


ग्राम प्रधान द्वारा गांव में लगाए गए कैमरे मिले बंद

## गांव में प्रधान द्वारा लगवाई गयी तीसरी आंख भी फूटी हुई निकली

**मुजफ्फरनगर, 8 जनवरी (बु.)।** फिलहाल पुलिस के लिए इस चोरी का खुलासा सिर का दर्द बन सकता है, क्योंकि गांव में सुरक्षा के लिहाज से लगाए गए हर चौराहे पर तीसरी आँख की जांच की गई, तो वो भी फूटी निकली। स्थानीय लोगों की मानें तो ये कैमरे शुरूआती दौर में एक मोबाइल दुकानदार की बिजली और एलईडी के सहारे से शुरू तो हुई, लेकिन मैमोरी बढ़ने के साथ दुकानदार ने प्रधान जी को नमस्ते बोल दी, जिसके बाद ये सीसीटीवी यूं ही बंद हालात में खंभों की शोभा बढ़ा रहे हैं।

## गांव में कई लोगों को थी 20 लाख रुपए होने की जानकारी

**मुजफ्फरनगर, 8 जनवरी (बु.)।** परिवार के सदस्यों ने बताया कि जमीन के लेनदेन से जुड़े पैसों का गांव के कई लोगों को इसकी जानकारी थी। पुलिस द्वारा कई लोगों से पूछताछ भी की गई है। फिलहाल पुलिस की जांच में कुछ संदिग्ध सामने आएं हैं, जिसको लेकर सिखेड़ा थाना पुलिस ने अपनी निगाहें टेढ़ी कर जांच शुरू कर दी है।

## जिंस पर जूतों के निशान छोड़ गए शातिर चोर

**मुजफ्फरनगर, 8 जनवरी (बु.)।** जांच के दौरान जब चोरों की फोरेंसिक टीम द्वारा घटनास्थल की जांच की गई तो पुलिसिया जांच में घर के कपड़ों पर चोरों के जूतों की छाप मिली, जिनके सहारे अब पुलिस चोरों को पकड़ने के लिए अपनी प्रारंभिक जांच शुरू कर चुकी है, क्योंकि घर की अलमारी और कपड़ों पर जूतों के प्रिंट अब पुलिस को चोरों तक पहुंचाने में मददगार होगी।



## जनपद की सदर तहसील जन सुनवाई में रही अव्वल

**मुजफ्फरनगर, 08 जनवरी (बु.)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी योजनाओं में शुमार जन सुनवाई पोर्टल पर फरियादियों की समस्या निदान में मुजफ्फरनगर जनपद की सदर तहसील फिर से प्रथम स्थान पाने में कामयाब रही। बुधवार को यूपी सरकार की ओर से जारी दिसम्बर माह की जन सुनवाई में सदर तहसील को 90 अंकों में से शत प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर प्रथम स्थान दिया है। तहसील सदर को तीसरी बार मिले सम्मान से अधिकारी-कर्मचारियों में खुशी की लहर दिखाई दी है। बुधवार को जारी जन सुनवाई के मामलों में रैंक सूची में जनपद मुजफ्फरनगर में सदर तहसील को मिले इस स्थान पर मिले सम्मान से एसडीएम सदर निकिता शर्मा ने डीएम उमेश मिश्रा के नेतृत्व में सदर तहसील की पूरी टीम को इसका श्रेय देते हुए भविष्य में और बेहतर काम किए जाने की बात की। उन्होंने कहा कि वास्तव में किसी भी योजना के क्रियान्वयन में टीम भावना के बिना कुछ भी कर पाना असंभव है, वहीं कुशल नेतृत्व के अभाव में लक्ष्य की प्राप्ति असंभव ही है। बता दें, जनपद मुजफ्फरनगर की दिसम्बर माह की जन सुनवाई पोर्टल की जारी रिपोर्ट में बुढ़ाना तहसील में 147वीं रैंक, खतौली तहसील में 226वीं रैंक और जानसठ तहसील को 261वीं रैंक हासिल हुई है।



# जिला बार के अध्यक्ष बने ठा. कंवर पाल सिंह, महासचिव पद पर चन्द्रवीर निर्वाल का कब्जा

मुजफ्फरनगर, 08 जनवरी (बु.)। कचहरी परिसर में संपन्न डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन की 2025 की नई कार्यकारिणी की मतगणना के बाद एक बार फिर से अनिल जिंदल व प्रमोद त्यागी गुट ने जीत का परचम लहराते हुए अपने प्रत्याशियों को सफलता हासिल कराने को बनाई रणनीति में कामयाबी प्राप्त कर इतिहास बनाया है। मंगलवार को संपन्न हुई मतदान प्रक्रिया के दौरान कुल पंजीकृत 2467 मतदाताओं में से 2003 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए अपनी पसंद के प्रत्याशी को वोट दिया था।

डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन की 2025 की नई कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया के बीच बुधवार को प्रातः 8 बजे के बाद प्रारंभ हुई मतगणना में अध्यक्ष-महासचिव समेत सभी 23 पदों के किस्मत आजमाने उतरे 62 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला मतगणना शुरू होने के साथ आए नतीजों से होने लगा। बार अध्यक्ष पद पर ठा. कंवरपाल सिंह और उनके निकटतम प्रतिद्वंदी मौ. अंजुम खां कई बार समर्थकों की धड़कनें घटाने-बढ़ाने का काम करते रहे, लेकिन अंतिम दौर में मौ. अंजुम खां अध्यक्ष पद पर ठा. कंवर पाल सिंह से मात्र सात मतों से पिछड़ गए। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के मुख्य चुनाव अधिकारी की ओर से जारी की गई फाइनल मतगणना परिणामों में ठा. कंवर पाल सिंह को 678 मत प्राप्त करने पर विजयी घोषित कर दिया गया। वहीं मौ. अंजुम खां को 671, सुरेन्द्र कुमार शर्मा को 428 और राजेश्वर दत्त त्यागी को 206 मत प्राप्त हुए। इसके साथ महासचिव पद पर चन्द्रवीर निर्वाल 647 मत पाकर विजयी रहे। इसके अलावा अग्रीस राणा -472, अर्जुन सिंह-189, अनूप सिंह राठी-154, गुलवीर सिंह वर्मा-497 और नरेन्द्र को मात्र 14 मत प्राप्त हुए। वहीं वरिष्ठतम उपाध्यक्ष पद पर निश्चल त्यागी 948 मतों के साथ विजयी घोषित हुए, जबकि चन्द्रवीर चौधरी-647 व सौरन सिंह को 331 मत मिले। वहीं कोषाध्यक्ष पद पर इस बार शशी प्रभा ने जीत का परचम फहराते हुए अन्य दावेदारों को पीछे छोड़ दिया। शशी प्रभा को 821 मत, अमित भारद्वाज को 405 मत, महेश



शेष - पृष्ठ-4 पर

# वोट मिले न मिले, मदीना चौक सहित कपिल देव ने दिलाई दस करोड़ की लागत की तीन सड़कों की सौगात

**मुजफ्फरनगर, 08 जनवरी (बु.)।** मुजफ्फरनगर बुलेटिन द्वारा प्रमुखता से प्रकाशित किये गए बुधवार के अंक के समाचार पत्र में मुर्दे ही उठकर जिंदे नेताओं को शिकायत करेंगे... पर जानकारी देते हुए कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि उन्होंने राज्य सड़क निधि से मुजफ्फरनगर क्षेत्र के तीन मुख्य मार्गों का निर्माण कराये जाने के लिए दस करोड़ रुपये की लागत के कार्य स्वीकृत कराये हैं। इन सड़कों में भोपा रोड से गांधी कॉलोनी मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य, डीएन रुडकी चुंगी से 80 फुटा रोड होते हुए मदीना चौक से लेकर गांधी कॉलोनी फाटक तक मार्ग का चौड़ीकरण तथा सुदृढीकरण तथा सरवट फाटक से नसीरपुर होते हुए रथेड़ी तक मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य स्वीकृत हुआ है। इन कार्यों की कुल लागत दस करोड़ 18 लाख रूपये रहेगी। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बिना भेदभाव के कार्य किये जा रहे हैं। इसी के चलते मुस्लिम इलाकों में भी इतना बड़ा बजट पास कराया गया है। उनका कहना था कि यूं तो लोग लगातार यही बात कहते हैं कि मुस्लिमों के क्षेत्र में विकास कार्य कराने का कोई लाभ नहीं मगर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री व प्रदेश के मुख्यमंत्री का कहना है कि आमजन कुछ भी कहे मगर उन्हें बिना भेदभाव की सरकार प्रदेश व केन्द्र में चलानी है। कपिलदेव ने बताया कि उपरोक्त मार्गों के निर्माण के लिए क्षेत्रवासियों द्वारा बार-बार आग्रह किया जा रहा था, जिसके संदर्भ में वे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व तत्कालीन लोक निर्माण मंत्री जतिन प्रसाद के सामने पूर्व में ही प्रस्ताव रख चुके हैं। जिस पर कार्यवाही के उपरान्त अब इन पर स्वीकृति की मोहर लग गयी है।





## शाहपुर में मित्तल एन्टरप्राइजेज पर जीएसटी विभाग की छापेमारी

**मुजफ्फरनगर, 08 जनवरी (बु.)।** मुजफ्फरनगर में जीएसटी की छापेमारी का क्रम रुकने का नाम ही नहीं ले रहा है। लगातार जीएसटी टीम छापेमारी करती दिख रही है। 5 दिसम्बर को कादिर राणा की फैक्ट्री में छापामारी के बाद से शुरू हुआ क्रम अभी तक नहीं रुक पाया है। दो दिन पहले नई मण्डी के सक्षम ट्रेडर्स पर भी जीएसटी की छापेमारी की गयी। इसके बाद आज बुधवार को शाहपुर में भी जीएसटी डिप्टी कमिश्नर विवेक मिश्रा के नेतृत्व में मित्तल एन्टरप्राइजेज पर छापेमारी की गयी। छापेमारी के दौरान फर्म के सभी मोबाइल बंद करा दिये गए और लगभग 12 घंटे से अधिक की गयी छापामार कार्यवाही के बाद भी जीएसटी अधिकारियों ने यह जानकारी नहीं दी कि आखिर इस मामले में क्या कार्यवाही की गयी है। जीएसटी अधिकारी सम्भवतः कुछ समय बाद इसका खुलासा करेंगे कि आखिर मित्तल ट्रेडर्स पर कितने रुपये की जीएसटी चोरी का मामला पाया गया जो अधिकारियों को घंटों मशक्कत करनी पड़ी।



# नाले समेत छूटे कामों को पूरा करायेगा लोक निर्माण विभाग

## एई ने पत्र भेजकर किया था पूर्व में नाला निर्माण का अनुरोध

**मुजफ्फरनगर, 08 जनवरी (बु.)।** नगरीय क्षेत्र में वेस्ट टू एनर्जी प्लांट स्थापित कराने को नगरपालिका प्रशासन के प्रयासों के बीच किदवईनगर प्लांट तक लोक निर्माण विभाग की ओर से बनवाई जा रही सीसी रोड के साथ नाला निर्माण का कार्य भी लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया जायेगा। इसमें पालिका ईओ के निरीक्षण के बाद कार्य की जरुरत के आधार पर चेयरपर्सन को भेजी रिपोर्ट में कुछ छूटे कार्य को भी लोनिवि निर्माण खंड से पूर्ण कराने को अनुमति मांगी है। पालिका और लोनिवि के अफसर प्लांट संचालन की समयावधि को देखते हुए कार्य जल्द कराने में जुटे हैं।

मंगलवार में ईओ पालिका डॉ. प्रज्ञा सिंह द्वारा किए निरीक्षण में मिली खामियों को लेकर बुधवार को मुख्यालय पर चर्चाओं का दौर जारी रहा। ईओ ने लोनिवि के एई आईपी सिंह के साथ मौके पर पहुंचकर जायजा लिया था। इस बीच सड़क के साथ ही कुछ अन्य कार्यों की आवश्यकता के सामने आने पर उनको प्राथमिकता पर पूर्ण कराने के लिए पालिका ने नाले का सरफेस नीचा हो जाने के कारण उसे लेवल करने का कार्य लोक निर्माण विभाग से ही कराने की सहमति बनाने पर जोर दिया था। ईओ ने चेयरपर्सन को इसके लिए पत्र भेजकर अनुमति मांगी तो वहीं लोनिवि के एक्सईन और एई को पत्र भेजते हुए उनके द्वारा ही नाले का सरफेस कार्य अपने विभाग से ही कराने के लिए कहा गया। ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने कहा कि दोनों विभाग आपसी समन्वय बनाकर सड़क निर्माण का कार्य कर रहे हैं। लोनिवि पर गलत एस्टिमेट बनाने जैसा कोई आरोप या शिकायत नहीं मिली है। रोड बनाने के क्रम में एक ओर नाले का सरफेस ऊँचा किया जाना जरुरी है। एई लोनिवि ने यह कार्य पालिका से कराने के लिए पत्र लिखा था। यदि पालिका इस कार्य को करायेगी तो इसमें अत्यधिक विलंब होगा, क्योंकि पालिका को नये सिरे से प्रस्ताव तैयार कर बोर्ड से अनुमति लेने के बाद निविदा आमंत्रित करने की लंबी प्रक्रिया का पालन करना होगा। चूँकि यह रोड एसटीपी-एफएसटीपी व वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट को सुचारू रूप से संचालित कराने के लिए अति आवश्यक है। ऐसे में हमने शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर लोक निर्माण विभाग को पत्र प्रेषित करते हुए कहा है कि रोड के निर्माण के साथ नाले का सरफेस ऊँचा करने का कार्य भी वो अपने विभाग से कराये, ताकि समय अवधि में प्लांट को शुरू कराने का कार्य कर सकें। ईओ ने बताया कि सड़क के साथ नाले का सरफेस और अन्य दूसरे कार्यों की आवश्यक कार्य भी लोक निर्माण विभाग से कराने के लिए निरीक्षण रिपोर्ट चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप को भेजी गई है, उनकी अनुमति भी मांगी गई है। उधर, लोनिवि निर्माण खंड के एक्सईएन अभिषेक सिंह का कहना है कि एटूजेड प्लांट तक बनाई जा रही सड़क का एस्टीमेट गलत नहीं बना, कुछ चीजें गलत ढंग से सामने आई हैं। अभी काम पूरा नहीं हुआ है, तो पैसा बचने की बात बेमानी है। सड़क के एक ओर नाला पहले से ही बना हुआ था। सड़क निर्माण के दौरान उसका सरफेस थोड़ा डाउन चला है, उसे ही लेवल करने के लिए पालिका के साथ मिलकर काम करने की बात हो रही है। मैं अभी लखनऊ में आया हुआ हूं, फोन पर एई से बात की है, लौटने के बाद मामले में पालिका प्रशासन के साथ वार्ता करते हुए आपसी समन्वय बनाकर नाला सरफेसिंग के साथ ही शेष कार्य कराये जाने की रूपरेखा बनाई जायेगी।

## पचास लाख क्यों बचे, कोई जवाब देने को तैयार नहीं!

**मुजफ्फरनगर, 08 जनवरी (बु.)।** नीदरलैंड कंपनी के साथ मिलकर नगरपालिका परिषद् के किदवईनगर स्थित भूमि पर वेस्ट टू एनर्जी प्लांट के स्थापित कराने को लोनिवि को पालिका ने एक सड़क बनवाने के लिए 2.36 करोड़ रुपये की धनराशि अवमुक्त कर दी, लेकिन सड़क बनाने के लिए लोनिवि द्वारा कम मूल्य का टैण्डर छोड़ने की बात सामने आ रही है, जिसमें टैंडर होने के बाद पैसा बच गया। इसकी जानकारी लोनिवि के अधिकारियों की ओर से पालिका को नहीं दी गई। ईओ ने निरीक्षण किया तब मामला सामने आया। ये पैसा क्यों और कैसे बचा, इसे लेकर लोनिवि के न तो एक्सईएन कुछ जवाब दे पा रहे हैं और न एई के पास कोई जवाब है। कहा जा रहा है कि उक्त पैसा बचने पर लोनिवि एई आईपी सिंह की जवाबदेही तय की जा रही है, क्योंकि एस्टीमेट बनवाने और टैंडर कराने की जिम्मेदारी उनकी ही थी। इस मामले में डीएम से भी शिकायत करते हुए लोनिवि के अफसरों की कार्यप्रणाली को लेकर जांच कराने की मांग भी की जा सकती है। हालांकि बचा हुआ पैसा छूटे कार्य पर शामिल कराते हुए खर्च करने की तैयारी है, लेकिन इतनी गंभीर लापरवाही पर कई सवाल उठ रहे हैं, जिस पर जांच होने के बाद सच सामने आ सकेगा। बता दें, शासन स्तर से मार्च 2025 तक प्लांट को संचालित करने की डेड लाइन घोषित है। इसके लिए कंपनी की डिमांड पर प्लांट तक सड़क का निर्माण कार्य लोनिवि से कराया जा रहा है। इसके लिए पालिका ने बोर्ड फंड से 2.36 करोड़ रुपए विभाग को अवमुक्त किये थे। यहां यह बात सामने आई थी कि सड़क के साथ नाले का सरफेस नीचा पड़ रहा है। इसके लिए लोनिवि निर्माण खंड प्रथम के एई ने करीब एक सप्ताह पूर्व ईओ को पत्र लिख कर यह बात उठाई थी।

# नई पीढ़ी का एक और कारनामा : बदमाशों के अंदाज में केक पर सजाए 312 व 32 बोर के कारतूस

**मुजफ्फरनगर, 8 जनवरी (बु.)।** नई तांती मुजफ्फरनगर में लगातार बिगड़ती ही दिखाई दे रही है। आए दिन कभी किशोर नाबालिग छात्राओं पर बैल्टें चलाते हुए तो कभी गुंडई दिखाते हुए दिख जाते हैं। कुछ नाबालिग एक किशोर को पीटते दिखाई दे रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को अब केक वायरल सोशल मीडिया पर वायरल होता दिखा, जिसमें केक के ऊपर 32 व 312 बोर के कारतूस सजे हुए हैं और केक के ऊपर आकाश नाम लिखा है। उक्त केक इंस्टाग्राम पर आकाश राठी के नाम से अपलोड किया गया है, जिसमें कुछ युवक साफ तौर पर जश्न मनाते दिख रहे हैं। उक्त मामला नई मण्डी कोतवाली के संज्ञान में पहुंचा तो मामले की कार्यवाही शुरू हो गयी मगर केक देखने वालों ने एक ही चर्चा की कि आखिर नौजवान पीढ़ी इन सब कारनामों से क्या संदेश देना चाहती है। क्या मुजफ्फरनगर को फिर एक बार गुण्डागर्दी का शहर बनाने की जिम्मेदारी इन नौजवानों ने ही ले ली है। कभी 16-16 साल के बच्चे वीडियो के माध्यम से मारपीट करते दिखते हैं, तो कभी केक पर कारतूस सजाए जाते हैं। उक्त सभी कृत्य देखकर साफ महसूस होता है कि नई पीढ़ी पढ़ने से ज्यादा बिगड़ने की ओर अग्रसर है। बड़ी बात यह है कि उक्त कृत्य करते समय इन युवाओं को अपने माता-पिता और स्कूल के अध्यापकों एवं प्रधानाचार्यों का भी कोई भी नहीं दिखाई देता। वीडियो सामने आने पर माता-पिता को पता लगता है कि आखिर उनके बच्चे किस ओर अग्रसर हो रहे हैं।






# संजीव जीवा के भांजे की सम्पत्ति कुर्क करेगी पुलिस

**मुजफ्फरनगर, 08 जनवरी (बु.)।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुख्यात रहे संजीव जीवा के भांजे की गैंगस्टर एक्ट में अवैध रुप से कब्जाई गयी सम्पत्ति को थाना सिविल लाइन पुलिस कुर्क करेगी। बृहस्पतिवार को डीएम के आदेश पर पुलिस सम्पत्ति को कुर्क करने की कार्रवाई करेगी। आपको बता दें कि नई मंडी कोतवाली पुलिस ने एक व्यापारी से रंगदारी मांगने के मामले में कुख्यात संजीव जीवा, उसकी पत्नी पायल माहेश्वरी समेत 9 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी, जिसके बाद उक्त सभी के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही अमल में लायी गयी थी। इस मामले की विवेचना थाना सिविल लाइन प्रभारी कर रहे हैं। इस मामले में नामजद संजीव जीवा की लखनऊ कोर्ट में गोली मारकर हत्या भी हो चुकी है। गुरूवार को थाना सिविल लाइन प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि गैंगस्टर में नामजद संजीव जीवा का भांजा अमित माहेश्वरी तथा उसकी पत्नी अनुराधा माहेश्वरी के द्वारा अवैध तरीके से अर्जित की गयी सम्पत्ति को चिन्हित किया गया था, जिसमें कूकड़ा में 150 वर्ग मीटर का एक प्लाट डीएम के आदेशों पर कुर्क की जायेगा। कुर्क की जाने वाली सम्पत्ति की कीमत 15 लाख रूपये बताई गयी है।

## दिल्ली चुनाव में ममता बनर्जी समेत कई नेताओं का आप को समर्थन

**नई दिल्ली, 08 जनवरी (एजेंसी)।** दिल्ली में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले सियासी घमासान मचा हुआ है। आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच अलग-अलग चुनाव लड़ने पर कई राजनीतिक दलों की प्रतिक्रिया आ रही हैं। दिल्ली चुनाव में ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने 'आप' को समर्थन देने की घोषणा कर दी है। वहीं रिपोर्ट के मुताबिक, उद्धव ठाकरे की पार्टी शिवसेना और अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी पहले ही आप को समर्थन दे चुकी हैं। अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर पोस्ट लिख ममता बनर्जी को थैंक्स कहा है। केजरीवाल ने कहा कि टीएमसी ने दिल्ली चुनाव में आप को समर्थन देने की घोषणा की है।

# सड़कों पर स्टंट करते फिर रहे युवक का पुलिस ने किया माकूल इलाज

**मुजफ्फरनगर, 8 जनवरी (बु.)।** पुरकाजी में मनचलों की तरह सड़कों पर स्टंटबाजी कर रहे मौहल्ला मुस्कान कॉलोनी के रहने वाले आकिल पुत्र अली मौहम्मद का पुलिस ने शिकायत पर माकूल इलाज किया। दरअसल आजकल जहां भी खुली सड़क देखी वहां निर्भीक होकर युवा पीढ़ी बाइकों से स्टंट करती दिखाई दे जाती है। ऐसी ही एक स्टंटबाजी की वीडियो पुरकाजी में वायरल हुई तो पुरकाजी थानाध्यक्ष जयवीर सिंह ने उक्त युवक पर कार्यवाही करते हुए हिरासत में लेकर उसे कानून का पाठ पढ़ाते हुए शांतिभंग में चालान कर दिया। आमजन का कहना है कि स्टंट करने के साथ साथ उक्त युवक महिलाओं पर भी अभद्र फब्तियां कसता हुआ चलता था, जिसकी शिकायत पुलिस को पहले भी मिली थी। पुरकाजी चेयरमैन जहीर फारूखी ने भी अपना बयान देते हुए कहा कि पुलिस चाहे किसी भी वर्ग का व्यक्ति हो महिलाओं पर अश्लील टिप्पणी करने वालों को कतई न बख्शे। वह इस बात की परवाह न करे कि वह किस धर्म अथवा जाति का है। कानून के हिसाब से कार्यवाही को अंजाम दे। ऐसे युवकों की सिफारिश करने कोई नहीं आएगा।








1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## प्रणब मुखर्जी और मनमोहन सिंह

पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की समाधि दिल्ली में बनायी जाएगी। पूर्व प्रधानमन्त्री मनमोहन सिंह की भी समाधि बनेगी। गौर करने वाली बात यह है कि प्रणब मुखर्जी के स्मारक बनाने की मांग न तो उनके परिवार ने की और न ही कांग्रेस पार्टी ने, लेकिन पूर्व प्रधानमन्त्री मनमोहन सिंह के निधन को लेकर कांग्रेस जो विमर्श गढ़ रही थी कि मोदी सरकार पहले सिख प्रधानमन्त्री मनमोहन सिंह का अपमान कर रही है, वह पूरी तरह ध्वस्त होता दिख रहा है। प्रधानमन्त्री मोदी कहा करते हैं, जिसे किसी ने नहीं पूछा उसे मोदी ने पूजा है, वह सच भी लगता है। पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के निधन के चार साल बाद केंद्र सरकार दिल्ली में उनका स्मारक बनाने वाली है। इसके लिए राष्ट्रीय स्मृति कॉम्प्लेक्स में जगह ढूंढी जाएगी। सरकार ने हाल ही में प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी को पत्र भेजकर इसकी जानकारी दी। प्रणब मुखर्जी का निधन 31 अगस्त 2020 को हुआ था। वे 2012 से 2017 के बीच राष्ट्रपति रहे थे। प्रणव मुखर्जी को मोदी सरकार ही ने 26 जनवरी 2019 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। शर्मिष्ठा मुखर्जी ने पीएम मोदी से मुलाकात कर उन्हें धन्यवाद दिया। इस मुलाकात की फोटो और सरकार का पत्र एक्स पर शेयर कर उन्होंने लिखा कि पीएम मोदी को इस पहल के लिए आभार। मुझे इसकी बिल्कुल उम्मीद नहीं थी। शर्मिष्ठा ने आगे कहा कि बाबा कहते थे, राजकीय सम्मान कभी मांगना नहीं चाहिए। ये हमेशा ऑफर होना चाहिए। पीएम ने मेरे बाबा की यादों को सम्मान देने के बारे में सोचा। इससे बाबा को तो कोई फर्क नहीं पड़ेगा, क्योंकि वे सम्मान और अपमान के आगे चले गए हैं, लेकिन उनकी बेटी को जो खुशी मिली है, वह शब्दों में बयान नहीं की जा सकती है। शर्मिष्ठा मुखर्जी खुद भी कांग्रेस नेता हैं। मनमोहन सिंह के निधन के बाद भी उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि जब 2020 में उनके पिता का निधन हुआ था, तब कांग्रेस कार्य समिति की बैठक तक नहीं बुलाई थी। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें गुमराह किया गया था। मनमोहन सिंह के निधन के बाद कांग्रेस जो व्यवहार कर रही है, उसे अच्छा नहीं कहा जा सकता। नयी दिल्ली में यमुना नदी के पास स्थित राष्ट्रीय स्मृति स्थल राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमन्त्री जैसे राष्ट्रीय नेताओं के अंतिम संस्कार के लिए निर्धारित स्थान है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मई 2013 में राजघाट के पास स्थित इस स्मृति स्थल का निर्माण करने की मंजूरी दी थी। इसे एकता स्थल के पास स्मारक परिसर में बनाया गया है। सरकार ने साल 2000 में नए स्मारकों का निर्माण न करने का फैसला लिया था, लेकिन प्रमुख नेताओं के लिए एक ही स्थान तय करने में 13 साल लग गए। इससे पहले राजघाट के पास अलग-अलग राष्ट्रीय नेताओं के लिए अलग स्मारक बनाए जाते थे। इसका निर्माण 2015 में पूरा हुआ। पूर्व प्रधानमन्त्री नरसिम्हा राव पहले नेता थे, जिनकी स्मृति स्थल पर समाधि बनाई गई। हालांकि उनके परिवार को 10 साल इंतजार करना पड़ा। पूर्व प्रधानमन्त्री आई.के. गुजराल का अंतिम संस्कार भी दिसंबर 2012 में स्मृति स्थल पर किया गया था। दिसंबर 2018 में पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी का अंतिम संस्कार भी यहीं हुआ था। स्मृति स्थल बनाने का निर्णय लिया गया। वीवीआईपी समाधियां जैसे राजघाट, शांति वन, शक्ति स्थल, वीर भूमि, एकता स्थल, समता स्थल और किसान घाट इन सब में दिल्ली में 245 एकड़ से अधिक की प्रमुख भूमि है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अमित शाह को पत्र लिखकर मनमोहन सिंह का स्मारक बनाने की मांग की थी। एक अन्य कांग्रेसी नेता ने कहा था कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने शक्ति स्थल से जमीन देने की पेशकश भी की थी। वे बस इतना चाहते थे कि डॉक्टर मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार ऐसी जगह हो, जहां उनका स्मारक बनाया जा सके। बीजेपी से सवाल पूछा जाना चाहिए कि शक्ति स्थल से जगह देने की पेशकश किए जाने के बाद भी यह लोग क्यों नहीं तैयार हुए? इसके बाद केंद्रीय शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने इस पर बयान दिया। पुरी ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह के स्मारक को लेकर कांग्रेस सरेआम झूठ फैला रही है। कांग्रेस अध्यक्ष ने सरकार को पत्र लिखकर एक स्पेशल मेमोरियल बनाने की मांग रखी। गृह मंत्रालय ने खड़गे की मांग मान ली। श्री पुरी ने कहा कि दिल्ली में एकता स्थल है। यहां 09 में से 07 स्थल पर पूर्व प्रधानमन्त्री और पूर्व राष्ट्रपति के स्मारक बन चुके हैं। स्मारक के लिए 2 जगह खाली हैं। कांग्रेस ने स्पेशल मेमोरियल बनाने की मांग की है। सरकार इसे मंजूर कर चुकी है, लेकिन इसकी प्रक्रिया में समय लगेगा। ट्रस्ट बनाना होगा, वहीं मेमोरियल बनाएगी। वाजपेयी जी के समय भी यही हुआ था। पूर्व प्रधानमन्त्री डॉ. मनमोहन सिंह का स्मारक बनाने के लिए जमीन आवंटन का काम शुरू हो चुका है। केंद्र सरकार ने स्मारक के लिए डॉ. सिंह के परिवार को कुछ जगहें सुझाई हैं। परिवार की तरफ से जगह का चुनाव हो जाने के बाद आगे की कार्रवाई शुरू की जाएगी। गांधी-नेहरू परिवार की समाधियों के नजदीक ही डॉ. सिंह का स्मारक बनाए जाने की संभावना है। मनमोहन सिंह के निधन के बाद कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा था कि लोग समझ नहीं पा रहे हैं कि सरकार पूर्व प्रधानमन्त्री के अंतिम संस्कार और स्मारक के लिए उपयुक्त जगह क्यों नहीं ढूंढ पा रही है। रमेश ने कहा था कि यह भारत के पहले सिख प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का जानबूझकर अपमान है। इसके जवाब में बीजेपी ने कहा था कि यह विडंबना है कि कांग्रेस सरकार को परंपराओं की याद दिला रही है, लेकिन उसने खुद पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव का स्मारक नहीं बनाया। बीजेपी प्रवक्ता सीआर केसवन ने कहा था कि कांग्रेस ने 2004-2014 तक 10 साल सत्ता में रहने के बावजूद उनके लिए स्मारक नहीं बनाया। 2015 में प्रधानमंत्री मोदी ने नरसिम्हा राव जी के लिए स्मारक बनवाया और 2024 में उन्हें मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया। गृह मंत्रालय ने कहा है कि डॉ. मनमोहन सिंह के लिए एक उपयुक्त स्मारक स्थल चुना जाएगा। पिछले हफ्ते सूत्रों ने बताया था कि पूर्व प्रधानमन्त्री के लिए 'राष्ट्रीय स्मृति स्थल' सहित एक स्थल की पहचान करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है और सरकार उनके परिवार के संपर्क में है।

### चार मोती

सुनील उत्सव

**'झूठ' 'ड्रामेबाजी' 'कैमरा' 'आपदा'**

झूठ है हर बात में और ड्रामेबाजी भी बहुत,
कैमरा भी कह रहा था, आप निकले आपदा।
दिल्ली वाले चाहते हैं तुम अकेले में मिलो,
आपको समझा मसीहा आप निकले आपदा।

# शाहपुर तालाब प्रकरण : जेसीबी लेकर पहुंचे ईओ ने अवैध निर्माण रुकवाया

## - पटवारी से रिपोर्ट तलब की - कागजात न मिलने पर होगा मुकदमा दर्ज
## - बुलेटिन द्वारा उजागर करने पर हरकत में आया प्रशासन





**शाहपुर, 08 जनवरी (बु.)।** नगर में एक तालाब पर अवैध कब्जे की शिकायत पर पहुंचे अधिशासी अधिकारी ने कार्य रुकवाने के साथ लेखपाल से रिपोर्ट मांगी है। इस मामले को लेकर दिनभर चर्चाओं का बाजार गर्म रहा। बुलेटिन द्वारा मामले को उजागर करने के बाद नगर पंचायत प्रशासन हरकत में आया। कस्बे के ईदगाह के पास स्थित ढाका वाले तालाब पर कस्बे का ही नौशाद पुत्र अय्यूब मिट्टी डालकर भराव का कार्य कर रहा था। मंगलवार की रात्रि को नगर पंचायत के ईओ दीपक कुमार को सूचना मिली कि तालाब पर अवैध कब्जा किया जा रहा है। सूचना पर रात्रि में ही नगर पंचायतकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और निरीक्षण किया। ईओ ने बताया कि वह बुधवार की सुबह मौके पर पहुंचे और भराव करने वाले व्यक्ति से कागजात मांगे, जिस पर उसने खसरा नंबर 791 में से कुछ भूमि का बैनामा अपने नाम दिखाया। इसके बाद अधिशासी अधिकारी ने कस्बे के लेखपाल को बुलाकर जांच कर रिपोर्ट देने को कहा, जिस पर लेखपाल ने सोमवार तक अपनी जांच रिपोर्ट देने की बात कही। ईओ ने बताया कि सोमवार तक कार्य करने से रोक दिया गया है। ईओ ने बताया कि यदि लेखपाल की जांच रिपोर्ट में तालाब में कब्जा होना पाया गया, तो कब्जा करने वाले के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। गौरतलब है कि नगर पंचायत की आंखों में धूल झोंककर ईदगाह के पास ढाका वाले तालाब पर सुबह से मिट्टी भराव कर अवैध कब्जा कर दिया गया। मौहल्ले के दो लोगों गय्यूर कुरैशी एवं नौशाद कुरैशी द्वारा दिनदहाड़े प्रसिद्ध ढाका वाला तालाब पर ट्रैक्टर ट्राली के माध्यम से मिट्टी का भराव करके अवैध कब्जा किया जा रहा था। गौरतलब है कि नगर पंचायत द्वारा उक्त तालाब का निकट भविष्य में सौंदर्यीकरण किया जाना है और सुप्रीम कोर्ट के साथ-साथ केंद्र एवं प्रदेश सरकार के भी आदेश है कि तालाब पर किसी भी सूरत में अवैध कब्जे ना हो। बावजूद इसके शाहपुर में इस प्रसिद्ध तालाब पर दिनदहाड़े अवैध कब्जा किया जा रहाथा। रात्रि 8:30 बजे शिकायत पर अधिशासी अधिकारी दीपक कुमार,वरिष्ठ लिपिक सतीश पवार, लिपिक सावन, सफाई नायक संदीप पाल, राजीव मेहरा आदि के साथ रात्रि में ही मौके पर पहुंचे और तालाब पर अवैध कब्जे को सही पाया। अधिशासी अधिकारी ने पूरे मामले पर नाराजगी करते हुए दोषी लोगों को कार्यवाही की चेतावनी दी। दीपक कुमार ने तालाब पर अवैध कब्जे के संबंध में क्षेत्र लेखपाल को फोन से अवगत कराया। अधिशासी अधिकारी ने बुलेटिन को बताया कि कल सुबह सवेरे जेसीबी मशीन से तालाब की भूमि से अवैध कब्जा हटाया जाएगा तथा दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। बताते चलें कि नगर पंचायत बोर्ड की आज ही विकास संबंधी बैठक थी। समस्त अधिकारी एवं सभासद कई घंटे मौजूद रहे, लेकिन नगर पंचायत से कुछ दूरी पर किए जा रहे है, सफेद कब्जे की भनक किसी को नहीं लग पाई।

# चकबंदी अधिकारियों के विरुद्ध भाकियू अ ने खोला मोर्चा



**मुजफ्फरनगर, 08 जनवरी (बु.)।** मुजफ्फरनगर जनपद में तमाम प्रयासों के बावजूद चकबंदी विभाग में सुधार के आसार दूर तक दिखाई नहीं दे रहा। कहना गलत न होगा कि चकबंदी विभाग की समस्याओं को लेकर कोई भी किसान संगठन ऐसा नहीं जो इस विभाग के अफसरों पर तमाम आरोप न लगाता हो या कोई भी ऐसा किसान दिवस मुख्यालय पर नहीं हो सका, जिसमें चकबंदी विभाग के प्रति गुस्सा दिखाई न दिया हो, लेकिन विभाग में सुधार होता दिखाई नहीं दिया। बुधवार को एक बार चकबंदी विभाग में उप संचालक चकबंदी द्वारा रिश्वत लेने के मामले को लेकर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के बैनर तले सैकड़ों किसानों ने धरना देते हुए डीएम से उक्त चकबंदी अधिकारियों के खिलाफ जांच समिति गठित करने व खामपुर गांव की पूरी चकबंदी प्रक्रिया की जांच उच्चाधिकारियों से कराए जाने की मांग करते हुए अनिश्चितकालीन धरना शुरू दिया। कलेक्ट्रेट परिसर में धरने पर बैठे भाकियू अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष अंकित चौधरी ने स्पष्ट किया कि जब तक दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई नहीं होती, तब तक अनिश्चितकालीन धरना कलेक्ट्रेट में यूं ही जारी रहेगा। डीएम कार्यालय पर धरने पर मौजूद रहे अधिकांश वक्ताओं ने जिले के चकबंदी अधिकारियों पर कार्रवाई न किए जाने के उक्त मामले में सुविधा शुल्क की आड़ में हो रही लूट खसोट को बंद कराए जाने की मांग की। इस दौरान धरने पर दर्जनों किसान मौजूद रहे।

# समर्पित युवा समिति रक्तदान के साथ अब नेत्रदान में अव्वल



**मुजफ्फरनगर, 08 जनवरी (बुस.)।** रक्तदान के क्षेत्र में जिले की अग्रणी संस्था समर्पित युवा समिति अब नेत्रदान में भी जिले में अव्वल नंबर पर आ गई है। समिति पिछले डेढ़ साल में 10 नेत्र दानियों के माध्यम से 20 लोगों को नेत्र ज्योति प्रदान करने में सहायक बनी। वर्ष 2025 के पहले हफ्ते में ही समिति के माध्यम से नेत्रदान हुआ। सुभाष नगर निवासी नीलम अरोरा का बीमारी के बाद निधन हो गया था। अपनी बीमारी के दौरान नीलम जी को रक्त की आवश्यकता पड़ी। इस कारण से परिवार समर्पित युवा समिति के संपर्क में था। कल रात्रि नीलम अरोड़ा की मृत्यु के बाद परिवार से समर्पित युवा समिति के संस्थापक सदस्य संजीव अरोड़ा एवं अमित पटपतिया ने संपर्क किया एवं उनसे नेत्रदान की प्रार्थना की, जिसे परिवार ने सहर्ष स्वीकार करते हुए पुत्र नवीन अरोड़ा एवं पुत्री गरिमा ने स्वीकृति प्रदान कर दी। संजीव अरोड़ा ने तुरंत ही मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज के नेत्र विभाग में संपर्क किया, जहां से देर रात्रि 11:00 बजे डॉक्टरों की टीम ने आकर मृतका की आंखों की जांच की और दोनों कॉर्निया स्वस्थ पाए। परिवार की सहमति के बाद दोनों कार्निया का दान किया गया, जिसे शीघ्र ही दो जरूरतमंदों को लगा दिया जाएगा। समर्पित युवा अमित पटपटिया ने बताया कि समर्पित युवा का जीते जी रक्तदान जाते-जाते नेत्रदान, अभियान आम जनता को अच्छा खासा प्रभावित कर रहा है, जिसके फलस्वरुप समिति के माध्यम से अब तक 10 नेत्रदान हो चुके हैं, जिनके द्वारा 20 जरूरतमंद लोगों को नेतृत्व ज्योति मिली है। संजीव अरोड़ा ने नेत्रदानी नीलम अरोड़ा के परिवार को साधुवाद देते हुए सभी को अरोड़ा परिवार से सीख लेने की अपील की। इस अवसर पर समर्पित युवा समिति से हितेश आनंद एवं मनी पटपटिया भी उपस्थित रहे।

# समय से नगर में कूड़ा न उठाने पर कंपनी पर भड़की चेयरपर्सन



**मुजफ्फरनगर, 08 जनवरी (बु.)।** नगरपालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने बुधवार सायं को नगरीय क्षेत्र का भ्रमण करते हुए सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान डलावघरों से कूड़ा समय से नहीं उठाए जाने को लेकर उन्होंने पालिका के साथ काम कर रही कंपनी एमआईटूसी के अफसरों की कार्यशैली के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए कड़ी कार्यवाही की चेतावनी भी दी। इसके साथ ही उन्होंने कंपनी बाग में पहुंचकर वहां चल रहे साफ-सफाई और निर्माण कार्यों की प्रगति को परखा। पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने बुधवार सायं शहरी क्षेत्र का भ्रमण करते हुए मुख्य मार्गों की सफाई व्यवस्था के साथ ही डलावघरों से कूड़ा उठान आदि को परखा। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप सभासदों के साथ पहले जिला चिकित्सालय के पास बने डलावघर पर पहुंची, जहां कूड़ा पड़ा मिला, इसके बाद वो कूकड़ा मंडी व जौली रोड पर वाल्मीकि मंदिर के पास डलावघरों में पहुंची, जहां डलाव घर कूड़े से भरे मिले। यह देखकर उन्होंने नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अतुल कुमार से डलावघरों से कूड़ा नहीं उठने को लेकर नाराजगी व्यक्त करते हुए तमाम जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कंपनी को डलावघरों से कूड़ा उठाने को समयावधि निर्धारित कर कार्य करने के लिए निर्देशित किया। इस पर चेयरपर्सन ने एमआईटूसी कंपनी के सैकेंड्री प्वाइंट इंचार्ज कुलदीप सिंह व अन्य कर्मियों को मौके पर तलब किया और फटकार लगाते हुए कड़ी नाराजगी व्यक्त की। इसके बाद उन्होंने मेरठ रोड पर स्थित कंपनी बाग में पहुंचकर वहां पर साफ-सफाई और अन्य निर्माण कार्य को परखा तथा कर्मचारियों की उपस्थिति को चैक किया। निरीक्षण के दौरान चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने बताया कि आज उन्होंने शहर की सफाई व्यवस्था को देखने के लिए नगरीय क्षेत्र के कुछ डलावघरों का निरीक्षण किया। उन्हें जिला अस्पताल, कूकड़ा मंडी के साथ वाल्मीकि मंदिर वाले डलावघरों पर समय से कूड़ा नहीं उठाये जाने के कारण गन्दगी मिली। इसको लेकर हमने कंपनी के लोगों को बुलाकर उनको कूड़ा उठाने के निर्देश देते हुए चेताया कि सभी डलावघरों से समय से कूड़ा उठाया जाये, कहीं पर भी गन्दगी नहीं मिलनी चाहिए। मुख्य मार्गों की सफाई के लिए नगर स्वास्थ्य अधिकारी को भी सतत निगरानी करने के लिए कहा है। इस दौरान सभासद मनोज वर्मा, हनी पाल, एनएसए डॉ. अतुल कुमार, कंपनी के सेकेंड्री इंचार्ज कुलदीप पुंडीर के अलावा अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

**REQUIRED**

Om Mechanical Diploma Holder With Experience for a Steel Fabrication Unit on Jolly Road, Muzaffarnagar

**SAWRAJ SINGH**

Contact: 7505329370, 9457272514

## जामा मस्जिद मामले में अगली सुनवाई 5 मार्च को

**संभल, 08 जनवरी (एजेंसी)।** संभल जिले की एक अदालत ने शाही जामा मस्जिद मामले में अगली सुनवाई की तारीख 5 मार्च तय की है। मुस्लिम पक्ष के वकील शकील अहमद वारसी ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने अगले आदेश तक देश की अदालतों को धार्मिक स्थलों, विशेषकर मस्जिदों और दरगाहों पर दावा करने संबंधी नये मुकदमों पर विचार करने और लंबित मामलों में कोई भी प्रभावी अंतरिम या अंतिम आदेश पारित करने पर रोक लगायी है। उन्होंने कहा, हमने सुप्रीम कोर्ट के उक्त आदेश की एक प्रति दाखिल की है। अब सुनवाई की तारीख 5 मार्च तय की गयी है। जब उनसे पूछा गया कि हिंदू पक्ष का दावा है कि जिस स्थान पर मस्जिद है वहां कभी मंदिर हुआ करता था, तो उन्होंने कहा कि इस पर अदालत फैसला करेगा। हमारे पास पूरे सबूत हैं, हम पूरी तरह तैयार हैं।

# रेलवे स्टेशन शत्रु संपत्ति पर हनुमान चालीसा को शिवसेना ने दिया समर्थन



**मुजफ्फरनगर, 08 जनवरी (बु.)।** तहसील मार्किट स्थित शिवसेना कार्यालय पर संपन्न हुई बैठक में शिवसेना द्वारा राष्ट्रीय हिंदू शक्ति संगठन के आंदोलन को अपना पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की। राष्ट्रीय हिंदू शक्ति संगठन द्वारा लंबे समय से रेलवे स्टेशन के सामने शत्रु संपत्ति पर बनी अवैध मस्जिद को हटाए जाने की मांग को लेकर लंबा आंदोलन किया, जिसमें संगठन को सफलता मिली और उस स्थान को न्यायालय ने शत्रु संपत्ति घोषित किया। इसके उपरांत भी प्रशासन के नकारेपन को देखते हुए अभी तक ध्वस्तीकरण कर स्थान को खाली नहीं कराया जाना सवाल खड़े कर रहा है, जिससे हिंदू संगठनों में रोष व्याप्त है। बैठक में राष्ट्रीय हिंदू शक्ति संगठन द्वारा आगामी 14 जनवरी दिन मंगलवार को शत्रु संपत्ति के सामने ही बैठकर हनुमान चालीसा करने का निर्णय लिए जाने को समर्थन दिया। बैठक में शिवसेना पदाधिकारियों ने निर्णय लिया कि शिवसेना की समस्त टीम राष्ट्रीय हिंदू शक्ति संगठन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। बैठक में शिवसेना मंडल अध्यक्ष लोकेश सैनी व शिवसेना जिलाध्यक्ष बिट्टू सिखेडा ने कहा कि अगर प्रशासन द्वारा जल्द ही अवैध रूप से बनी मस्जिद को नहीं गिराया गया तो शिवसेना अब राष्ट्रीय हिंदू शक्ति संगठन के साथ मिलकर मस्जिद के सामने बैठकर धरना प्रदर्शन व उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगी। उन्होंने चेताया कि अगर इस बीच कोई अप्रिय घटना घटती है तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। राजेश कश्यप व बसंत कश्यप ने कहा कि जब तक मस्जिद को यहां से नहीं हटाया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। बैठक में मुख्य रूप से पुष्पेंद्र सैनी, अमरीश त्यागी, हरेंद्र शर्मा, रविंद्र सैनी, गोपी वर्मा, सुशील कुमार, रोहित कुमार, राजीव बेनीवाल, प्रदीप गौरी, गौतम कुमार, सचिन कुमार, विशाल सिंह, दीपक वर्मा व अनिल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

**NAME CHANGE**

I, Vibhav Garg S/o Suresh Kumar Garg resident of 209, Awas Vikas, Shakuntalam Muzaffarnagar (U.P.) 251001, have changed my name from Vibhav garg to VAIBHAV GARG. Henceforth, I would be known by the Name of VAIBHAV GARG for all future purposes.

**रस्म तेरहवीं**



अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे प्रिय **योगेश कुमार हुड़िया जी** का आकस्मिक निधन दिनांक 07/01/2025, दिन- बुधवार को हो गया था। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।
दिवंगत आत्मा की शांति के लिए **शोक सभा एवं रस्म तेरहवीं** **दिनांक 10/01/2025 दिन- शुक्रवार** को होनी निश्चित हुई है।
रस्म तेरहवीं- दोपहर 02:00 से 03:00 बजे
**स्थान:- गांधी वाटिका,** गांधी कॉलोनी, मुजफ्फरनगर

-: शोकाकुल परिवार :-

जुगल किशोर हुड़िया (भाई)
बलदेव राज हुड़िया (भाई)
राकेश कुमार हुड़िया (भाई)
हिमांशु हुड़िया (भतीजा)
लक्ष्य हुड़िया (भतीजा)
मोहित हुड़िया (भतीजा)
सनी हुड़िया (भतीजा)
लोकेश हुड़िया उर्फ लकी (पुत्र)
रचना -यशपाल ठकराल (पुत्री-दामाद)
सानया -अमित अरोड़ा (पुत्री-दामाद)
आरव (पौत्र)

सम्पर्क सूत्र- 7310794764, 9927072227

**शोक संदेश एवं श्रृद्धांजलि सभा**

सुनहु भरत भावी प्रबल, बिलख कहेउ मुनि नाथ।
हानि–लाभ, जीवन–मरण, यश अपयश विधि हाथ।।



**श्रीमती संतोष गुप्ता**

आपको बड़े दुःखी हृदय से सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूज्यनीय माता जी **श्रीमती संतोष गुप्ता जी** धर्मपत्नी स्व0 विष्णु राजकुमार ऐरन (बच्चू भाई) दिनांक 31-12-2024, दिन- मंगलवार को अपनी सांसारिक यात्रा पूरी करके प्रभु चरणों में विलीन हो गयी हैं। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।
उनकी आत्मिक शांति के लिए **श्रृद्धांजलि सभा** दिनांक 10-01-2025 दिन-शुक्रवार को 'सनातन धर्म सभा भवन' निकट झांसी की रानी, मुजफ्फरनगर पर होना निश्चित हुई है।

| | |
|---|---|
| हवन | 8:15 बजे प्रातः |
| बह्मभोज | 12:00 बजे दोपहर |
| रस्म पगड़ी | 2:00 बजे अपराह्न |

शोकाकुल परिवार

शिव राजकुमार ऐरन (जेठ)
आरूषि-विनोद कुमार वैश्य (पुत्री-दामाद)
आलोका-अंशुमन गुप्ता (पुत्री-दामाद)
विकास ऐरन (भतीजा)
आशीष ऐरन (पुत्र)
आदित्य ऐरन (भतीजा)
आलोक ऐरन (भतीजा)
आकाश, आकांक्षा, नंदिता (धेवता-धेवती)
मनन, सप्तक (पौत्र)

मो0 8605061515, 8983905152

नोट- पार्किंग की व्यवस्था टॉउन हॉल मैदान में रहेगी।

# वैष्णो देवी स्थित मंदिर में मां के भजनों पर खूब झूमे श्रद्धालु, यजमानों सहित बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ ने की मां की आरती

### रब ने पूछा मुझे, तुझको क्या चाहिए, मैया तेरी चुनरी नू सितारे लग्गे होयेंगे आदि भजन गाकर गायकों ने किया मंत्र मुग्ध











**मुजफ्फरनगर, 08 जनवरी (बु.)।** मां वैष्णो देवी स्थित मंदिर में मां के लाडलों द्वारा विशाल चौकी का आयोजन किया गया। सैंकड़ों लोगों से खचाखच भरे मां वैष्णो देवी मंदिर के हॉल में गायकों ने भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। रात्रि दस बजे तक भजन कीर्तन के साथ भक्तों ने नृत्य का आनन्द भी लिया। मां की चौकी के आयोजन के मुख्य अतिथि बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ ने पत्नी पूजा दुआ सहित आरती की और मां का गुणगान भी श्रवण किया। आरती व भजन संध्या से पहले मुख्य यजमानों मनीष बाठला, आकाश अरोरा, संदीप अग्रवाल ने पूजा अर्चना की। इस कार्यक्रम को नववर्ष के रूप में मनाते हुए पूरे मंदिर को रंग बिरंगे गुब्बारों व फूलों से सजाया गया। मां के दरबार की रौनक देखते ही बनती थी। बाद में भोग-प्रसाद भक्तों के बीच वितरित किया गया। इस मौके पर गोलोक धाम समिति के गणमान्य लोग सुरेश छाबड़ा, रमन जलोत्रा, सभासद अमित पटपटिया, हन्नी, रोहन अरोरा, कर्ण अरोरा, भावना अरोरा, स्वाति अरोरा, राज बटला, अमित खुड्डे वाले, हितेश बटन, अनिल आहूजा, नीरज नारंग, राकेश अरोरा, रमेश साहनी आर्केटेक्ट, संजू मलिक, सोनू बक्शी, ऋषि साहनी आदि मौजूद रहे। माता का गुणगान सिद्धपीठ श्री दुर्गा मंदिर खतौली संकीर्तन मण्डल द्वारा किया गया। मां वैष्णो देवी मन्दिर कमेटी के वरिष्ठ पदाधिकारी राकेश सहगल, दिनेश पुण्डीर, प्रिंस अनेजा, राकेश अरोरा, प्रकाश दुआ, विपिन फुटेला, दिलीप मलिक, राजीव सिक्का और हरीश चड्ढा आदि ने मां के भजनों व कार्यक्रम को सुन्दर बनाने में अपना अहम योगदान दिया।

